बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक : योस्था01/3–09/2009 /योविवि,पटना,दिनांक मई, 2026

प्रेषक,

रविश किशोर,
सरकार के संयुक्त सचिव

सेवा में,

डाक/ई–मेल

अपर सचिव, बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना
मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन, पटना
सभी क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, बिहार
सभी जिला योजना पदाधिकारी, बिहार

विषय : **माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा सिविल अपील संख्या–18802/2017, डॉ0 भीम राव अम्बेडकर विचार मंच बनाम बिहार एवं अन्य तथा सम्बद्ध वादों में दिनांक 15.07.2024 को पारित आदेश के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई करने के संबध में।**

प्रसंग : विभागीय पत्रांक–1949 दिनांक–17.04.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के ज्ञापांक 5007 दिनांक 12.03.2026 के आलोक में विभाग में 63वीं, 64वीं, 65वीं, 66वीं, 67वीं, 68वीं एवं 69वीं प्रतियोगिता परीक्षा के तहत् अनुसूचित जाति (02) कोटि में चयनित एवं अनुशंसित **उम्मीदवारों से तांती/ततवा जाति में होने/न होने संबंधी स्व–घोषणा पत्र प्राप्त कर** विभाग को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। उक्त अनुरोध के आलोक में निम्न कार्यालयों द्वारा प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है :–

1. **जिला योजना कार्यालय, वैशाली/जहानाबाद/गयाजी/अररिया/बक्सर/सुपौल/नवादा/पूर्णिया/पूर्वी चम्पारण/भागलपुर/सहरसा/बेगुसराय/जमुई/छपरा/ शेखपुरा**
2. **क्षेत्रीय योजना कार्यालय, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर/मगध प्रमंडल, गयाजी/सारण प्रमंडल, छपरा**

शेष कार्यालयों द्वारा वांछित प्रतिवेदन विभाग को अद्यतन अप्राप्त है। अतः उक्त के आलोक में पुनः अनुरोध है कि विषयांकित मामले में आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करते हुए प्रतिवेदन शीघ्र विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन
ह0/–
(रविश किशोर)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : योस्था01/3–09/2009 /यो0वि0,पटना,दिनांक मई, 2026

प्रतिलिपि – श्रीमती प्रिया भारती, सहायक निदेशक, योजना एवं विकास विभाग (मुख्यालय), पटना सम्प्रति प्रतिनियुक्त पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना/सुश्री निधि कुमारी, सहायक निदेशक, योजना एवं विकास विभाग (मुख्यालय), पटना सम्प्रति प्रतिनियुक्त विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/सुश्री खुशबु कुमारी, सहायक निदेशक, योजना एवं विकास विभाग (मुख्यालय) पटना सम्प्रति प्रतिनियुक्त पर्यटन विभाग बिहार, पटना को वांछित प्रतिवेदन विभाग में यथाशीघ्र समर्पित करने के निमित आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : यो0स्था01/3–09/2009 – 2760 /यो0वि0,पटना,दिनांक 29 मई, 2026

प्रतिलिपि – आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29.5.26

सरकार के संयुक्त सचिव